प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ में जनसभा को किया संबोधित।
2. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये नाम वापसी की प्रक्रिया सम्पन्न, सात मई को होगा मतदान : चौथे चरण के लिये 25 अप्रैल तक दाखिल किये जायेंगे नामांकन।
3. समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट से तेजप्रताप यादव और बलिया लोकसभा सीट से सनातन पाण्डेय को बनाया उम्मीदवार।
4. नेट परीक्षा को लेकर यूजीसी ने किया बड़ा फैसला : चार साल की स्नातक डिग्री लेने वाले विद्यार्थी दे सकेंगे नेट परीक्षा, कर सकेंगे पीएचडी।

और

5. भूटान और तिब्बत समेत 30 देशों के 90 अप्रवासी भारतीयों के प्रतिनिधिमंडल ने आज अयोध्या में श्रीरामलला के किये दर्शन।

———————

प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता रैली, रोड शो और घर–घर जाकर प्रचार कर रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अलीगढ़ जिले में रैली को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है और वे इसे जब्त कर दूसरे लोगों में बांटना चाहते हैं।

कांग्रेस पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी मानसिकता कम्युनिस्ट है और वे अपने घोषणापत्र के अनुसार लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करने जा रहे हैं और वे पैतृक संपत्ति को भी नहीं छोड़ेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलीगढ और फ़तेहपुर सीकरी में चुनावी रैलियों को संबोधित किया।

फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत को सम्मान मिल रहा है। अयोध्या में 500 वर्ष बाद रामलला विराजमान हुए हैं और चोधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विरासत का सम्मान हो रहा है तो दूसरी ओर विकास को प्राथमिकता देने का काम किया जा रहा है। वहीं मेरठ में आज भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के समर्थन में रामायण धारावाहिक की सीता दीपिका और लक्ष्मण सुनील लहरी ने रोड शो किया।

उधर, विपक्षी नेता भी प्रचार में जुटे हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने आज बुलंदशहर जिले में एक राजनीतिक रैली में भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ दिखावा करती है, जुमलेबाजी में विश्वास करती है और वास्तविक जमीन पर कोई काम नहीं होता है। वहीं उत्तर प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं को बैठकें कीं और मथुरा और फतेहपुर सीकरी क्षेत्रों में घर–घर जाकर अभियान चलाया।

———————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 8 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसमें बागपत की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। लंबे समय तक पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के प्रभाव वाली इस सीट पर इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने अमरपाल शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि एनडीए की तरफ से यह सीट राष्ट्रीय लोक दल के खाते में गई है और उसने राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। वहीं बसपा ने प्रवीण बंसल को मैदान में उतारा है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*बागपत लोकसभा सीट पर 9 लाख 70 हजार 210 मतदाता 26 अप्रैल को 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 5 लाख 27 हजार 802 पुरुष मतदाता और 4 लाख 42 हजार 372 महिला मतदाता है, जबकि 34 अन्य मतदाता भी शामिल हैं। इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह*

*की फैमिली का दबदबा रहा है। बागपत से इस परिवार के सदस्य 9 बार सांसद चुने गए हैं लेकिन पिछले 10 वर्ष से इस सीट पर बीजेपी का कब्जा है। इस बार भाजपा और रालोद गठबंधन के बाद बागपत सीट पर समीकरण बदल गए हैं। गठबंधन के बाद रालोद के हिस्से आयी इस सीट पर रालोद ने डॉ. राजकुमार सांगवान को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर सपा ने पहले पुराने कार्यकर्ता मनोज चौधरी को टिकट दिया था, लेकिन भाजपा–रालोद गठबंधन के बाद सपा ने मनोज चौधरी का टिकट काट साहिबाबाद के पूर्व विधायक पंडित अमरपाल सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं बसपा ने प्रवीण बंसल को टिकट दिया है। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार तेज कर दिया है।*

*अमित श्रोतीय, आकाशवाणी समाचार, बागपत।*

———————

तीसरा चरण–नामांकन वापसी

**लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये प्रदेश की दस संसदीय सीटों पर आज नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। इन सीटों के नामांकन भरने की आखिरी तारीख 19 अप्रैल थी। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ चार प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये और 78 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया था। तीसरे चरण में प्रदेश की दस संसदीय सीटों–संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला में 7 मई को वोट डाले जायेंगे।**

———————

**प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। कन्नौज लोकसभा सीट पर आज**

बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार इमरान बिन जफर और गरीब आदमी पार्टी प्रत्याशी श्रीकृष्ण ने नामांकन किया। शाहजहांपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेश कश्यप ने अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं बहराइच लोकसभा सोट से समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र और भारतीय अवाम पार्टी से अरविन्द कुमार ने नामांकन दाखिल किया। चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को हागी, 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

समाजवादी पार्टी ने आज उत्तर प्रदेश में आम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट से तेजप्रताप यादव और बलिया लोकसभा सीट से सनातन पाण्डेय को उम्मीदवार बनाया गया है।

पहले ऐसी अटकलें थीं कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. लेकिन आज तेज प्रताप यादव के नाम का ऐलान हुआ जो कि अखिलेश यादव के भतीजे हैं और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। कन्नौज लोकसभा सीट को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। सपा का 1998 से 2014 तक इस संसदीय सीट पर कब्जा था। 2019 के चुनाव में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव यहां भाजपा के सुब्रत पाठक से चुनाव हार गई थीं।

————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, नेट को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस फैसले के बाद चार साल की स्नातक डिग्री लेने वाले विद्यार्थी अब सीधे यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा दे सकते हैं और पीएचडी कर सकते हैं। इनमे ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकेंगे जोकि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के अंतिम वर्ष में होंगे। यूजीसी के चेयरमैन एम जगदीश कुमार के अनुसार जूनियर रिसर्च फेलोशिप यानी जेआरएफ के

साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए विद्यार्थियों को चार साल के स्नातक कार्यक्रम में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड हासिल करने होंगे। यूजीसी के निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, गैर क्रीमी लेयर के अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य कुछ  श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रड की छूट दी जा सकती है। मौजूदा व्यवस्था में राष्टीय पात्रता परीक्षा, नेट के लिए छात्रों को 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की जरूरत है। नए नियमों के तहत अब चार साल की स्नातक डिग्री वाले विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। यूजीसी की तरफ से इसी वर्ष यह व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी।

———————

30 देशों के 90 अप्रवासी भारतीयों के प्रतिनिधिमंडल समेत 400 से अधिक राम भक्तों के समूह ने आज अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन पूजन किये। प्रतिनिधिमंडल में भूटान और तिब्बत के एंबेसडर और स्पीकर भी शामिल रहे। सभी ने पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया और इसके बाद सरयू आरती में भी शामिल हुए। भोर में ही रामलला के दर्शन करने पहुंचे, खास बात यह रही कि समूह के हर व्यक्ति ने रामलला का दर्शन सामान्य दर्शनार्थियों के मार्ग से ही किया, रामलला का दर्शन कर समूह का हर सदस्य

भाव–विभोर रहा। इस दौरान समूह के सदस्यों का अलग–अलग भाषा शैली में जय श्रीराम का उद्घोष आकर्षण का केंद्र रहा।

इस मौके पर भूटान के स्पीकर ने कहा कि हम बुद्धिस्ट हैं लेकिन बुद्धिस्ट और हिंदुइज्म एक दूसरे में समाहित हैं। हम सभी रामलला के प्रति श्रद्धा रखते हैं, हमने भारत से शांति और सौहार्द आधारित मजबूत रिश्ते के लिए रामलला से आशीर्वाद मांगा है।

–––––––––

मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, इलाहाबाद, आजमगढ़, मऊ और गोरखपुर समेत 25 जनपदों के लिये हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इन जनपदों में अगले दो दिनों के दौरान गर्म हवाओं का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है।

(समाप्त)